SM – 137

II Semester B.A. Examination, May/June 2018
(CBCS) (Repeaters) (Semester Scheme) (2014 – 2015 and Onwards)
LANGUAGE HINDI – II
Poetry, Grammar and Translation of Terminology

Time : 3 Hours Max. Marks : 70

I. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **एक** शब्द या वाक्य में लिखिए : (10×1=10)

1) कवि पंत जन मन के अंधकार को किस से दूर करना चाहते हैं ?

2) तुलसीदास के अनुसार चंदन के पेड़ से क्या लिपटे रहते हैं ?

3) कर्ण से दान माँगने के लिए कौन आते हैं ?

4) राम किसके साथ युद्ध करते हैं ?

5) किस पेड को वृक्षराज कहा जाता है ?

6) अपने अश्रु से कवि किसके चरण धोने को कहते हैं ?

7) उद्धव मथुरा से किसका संदेश लेकर ब्रज आए ?

8) दानवीर कविता में इन्द्र का संवाद किससे होता है ?

9) श्री कृष्ण का मुख देखकर कौन हर्षित होती है ?

10) 'पेड़ गिरा' कविता के कवि का नाम क्या है ?

II. अ) निम्नलिखित में से किसी **एक** की सप्रसंग व्याख्या कीजिए। (1×7=7)

1) राम नाम को अंक है, सब साधन है सून।
अंक गए कछु हाथ नहिं, अंक रहे दस गून।।

2) जोग ठगौरी ब्रज न बिकैहै।
यह ब्योपार तिहारो ऊधो! ऐसोई फिर जैहै।।
जापै लै आए हौ मधुकर ताके उर न समैहै।
दाख छाँड़ि कै कटुक निंबौरी को अपने मुख खैहै ?
मूरी के पातन के केना को मुक्ताहल दैहै।
सूरदास प्रभु गुनहि छाँड़ि कै कौ निर्गुन निरबैहै ?

P.T.O.

Scanned by CamScanner

आ) निम्नलिखित में से किसी **एक** की सप्रसंग व्याख्या लिखिए। (1×7=7)

1) अँधियारा जिससे शरमाये,
उजियारा जिसको ललचाये-
ऐसा दे दो दर्द मुझे तुम,
मेरा गीत दिया बन जाये!

2) तुम वहन कर सको जनमन में मेरे विचार,
वाणी मेरी, चाहिए तुम्हें क्या अलंकार।
भव-कर्म आज युग की स्थितियों से है पीड़ित
जग का रूपान्तर भी जनैक्य पर अवलंबित।

III. किसी **एक** कविता का सारांश लिखकर उसकी विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। (1×16=16)

1) दानवीर
2) मेरा गीत दिया बन जाये।

IV. किन्हीं **दो** पर टिप्पणी लिखिए : (2×5=10)

1) पक्षधर
2) पेड़ गिरा
3) विजय-रथ

V. किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : (2×5=10)

1) संबंधबोधक अव्यय की परिभाषा देते हुए सोदाहरण उसके भेद लिखिए।
2) क्रियाविशेषण किसे कहते हैं ? उसके भेदों को सोदाहरण समझाइए।
3) निम्नलिखित का सन्धि विच्छेद कर सन्धि का नाम लिखिए
   1) रामावतार
   2) महोदय
   3) प्रत्येक
   4) सत्याग्रह
   5) देवर्षि

Scanned by CamScanner

VI. हिन्दी में अनुवाद कीजिए : (10×1=10)

1) Administration

2) Barrenland

3) Document

4) Employee

5) Qualification

6) Social Welfare Department

7) Office copy

8) Medical certificate

9) Harmony

10) Industrialist.

Scanned by CamScanner